<u>ई मेल से</u>

**भारत सरकार**
**खान मंत्रालय**
**भारतीय खान ब्यूरो**
**खान नियंत्रक (उत्तर ) कार्यालय**

**Government of India**
**Ministry of Mines**
**Indian Bureau of Mines**
**Office of Controller of Mines**
**(North Zone)**

142-सी, सेक्टर- 11, हिरण मगरी, उदयपुर- 313001 (राजस्थान)

पत्रावलीसंख्या:E-11011/1/2023-NZ-IBM-NZ उदयपुर,दिनांक: /07/2026

सेवा में : राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
नागपुर

विषय: वर्ष 2026-27 की कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम तिमाही (अप्रैल, 2026 से जून, 2026 तक) की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

महोदय,

खान नियंत्रक (उत्तर जोन) कार्यालय, भारतीय खान ब्यूरो, उदयपुर की वर्ष 2026-27 की कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम तिमाही (अप्रैल, 2026 से जून, 2026 तक) की समीक्षा बैठक श्री. अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक (उत्तर जोन) की अध्यक्षता में दिनांक- 22/06/2026 को आयोजित की गई। इस बैठक में समिति के निम्नालिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

1) श्री अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक, (उत्तर जोन)-अध्यक्ष
2) श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक व हिन्दी संपर्क अधिकारी-सचिव
3) श्री मनीष गुप्ता, सहायक खान नियंत्रक-सदस्य
4) श्री दिलीप पँवार, निजी सचिव- सदस्य
5) श्री सुरेन्द्र कुमार कुमावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी- सदस्य
6) श्री अमन मीना, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी- सदस्य
7) श्री प्रणय रेड्डी राजुला, सहायक खनन अभियंता- आमंत्रित
8) श्री दीपक शर्मा, सहायक- आमंत्रित
9) श्री बाबूलाल गुर्जर, अवर श्रेणी लिपिक- आमंत्रित

1) सर्वप्रथम श्री. अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक व हिन्दी संपर्क अधिकारी द्वारा, सहायक खान नियंत्रक, ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा समिति के समक्ष विगत बैठक का कार्यवृत रखा गया जिसकी मदवार समीक्षा की गई।
2) क, ख तथा ग क्षेत्रों से प्राप्त तथा भेजे गए पत्रों की संवीक्षा की गई। अभीतक सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा हिंदी में किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए, सभी को हिंदी में इसी तरह काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।
3) कार्यालय अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री बाबूलाल गुर्जर, अवर श्रेणी लिपिक को पुस्तकालय का कार्य करने का निर्देश दिया गया।
4) अध्यक्ष महोदय द्वारा, ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से संसाधित की जा रही सभी सक्रिय फ़ाइलों को द्विभाषी प्रारूप में रखने तथा कार्यालय में खोली जाने वाली प्रत्येक नई फ़ाइल और रजिस्टर का शीर्षक अनिवार्य रूप से द्विभाषी रखने के लिये निर्देशित किया गया।
5) अध्यक्ष महोदय द्वारा आलोक गृह पत्रिका के अंक-1 के प्रकाशन की चर्चा की गई तथा पुस्तक का विमोचन जल्द करने के निर्देश दिए, इस संबंध में हिन्दी संपर्क अधिकारी द्वारा बताया गया कि पुस्तक प्रकाशन से संबंधी कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। इस पर कार्यालय अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयत्नों की सराहना की।
6) श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक व हिन्दी संपर्क अधिकारी द्वारा वित्त वर्ष-2026-27 हेतु कार्यालय उपयोग के लिए पुस्तकों की खरीद की बात कही गई, इस संबंध मे अध्यक्ष महोदय द्वारा मानक शब्दावली वाली पुस्तकों की खरीद के निर्देश दिए गये।
7) अध्यक्ष महोदय द्वारा हिन्दी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हिन्दी चार्ट खरीदने के निर्देश दिए गये।
8) अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री तिरुपति बूकया, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी को हिन्दी में प्रवीणता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के संबंध में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।
9) बैठक के अंत में अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया तदुपरान्त तिमाही बैठक का समापन हुआ।

Digitally signed by
Abhay Agrawal
Date: 07-07-2026
19:37:25

उदयपुर, दिनांक: (अभय अग्रवाल)

खान नियंत्रक (उत्तर जोन)